







# चलते लोडर वाहन में लगी आग चालक ने कूदकर बचाई जान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जनवरी, रीवा शहर से होकर गुजर रहे चलते हुए लोडर पिकअप वाहन में अचानक से आग लग गई. घटना के दौरान वाहन चालक ने चलते वाहन से कूद कर जहां अपनी जान बचाई, तो वहीं देखते ही देखते वाहन जलकर खाक हो गया. आग देख अन्य वाहनो के पहिए थम गये.**

घटना सोमवार कि तड़के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत सतपुडा आईटीआई के सामने हुई है. लोडर वाहन रीवा के ही डभौरा से जबलपुर जा रहा था, तभी चोरहटा के समीप वाहन में अचानक से आग लग गई और देखते ही देखते वाहन जलकर खाक हो गया. घटना के संबंध में वाहन के चालक रामशंकर ने बताया कि वह सुबह करीब 5 बजे डभौरा से चलकर जबलपुर जा रहा था.

वाहन जैसे ही रीवा सतना रोड स्थित चोरहटा के समीप पहुंचा, तभी चलते हुए वाहन में अचानक से आग लग गई. इससे पहले कि वह आग की चपेट में आता तब तक उसने वाहन से कूद कर अपनी जान बचा ली, तो वही देखते ही देखते पूरा वाहन आग़ की लपटों की चपेट में आ गया. हालांकि घटना के दौरान स्थानीय पुलिस और दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक वाहन पूरी तरह से जलकर खाक हो गया. हालांकि वाहन में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है. वाहन चालक की माने तो इंजन में हुए फाल्ट की वजह से वाहन में आग लगी है. फिलहाल पुलिस ने मामले को जांच में लिया है.

# नवीन जिला न्यायालय में अधिवक्ताओं का हंगामा

## पार्किंग व्यवस्था बनाने गई ट्रैफिक पुलिस को खदेड़ा, बैरीकेट्स हटाने को लेकर हुई धक्का-मुक्की, देर शाम तक चलता रहा हंगामा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जनवरी, रीवा के नवीन जिला न्यायालय परिसर में उस वक्त हंगामा हो गया जब कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं की गाड़ी के प्रवेश में रोक लगाने के बाद ट्रैफिक पुलिस की गाड़ी अंदर प्रवेश कर गई. आक्रोशित अधिवक्ताओं ने ना सिर्फ जमकर हंगामा किया बल्कि ट्रैफिक पुलिस को खदेड़ लिया, जिस दौरान ट्रैफिक पुलिस को वाहन छोड़ भागना पड़ा. देखते ही देखते तनाव की स्थित बन गई और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा.**





अधिवक्ताओं का आरोप था कि न्यायालय परिसर में उनके वाहनों के प्रवेश में रोक लगा दी गई और खुद ट्रैफिक पुलिस का वाहन अंदर प्रवेश कर साइलेंट जोन होने के बावजूद माइक से अलाउंसमेंट कर रहा था. आक्रोशित अधिवक्ताओं ने हंगामे के बीच मौके पर पहुंची पुलिस को भी न्यायालय परिसर में घुसने से रोक दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. दरअसल कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं के वाहन प्रवेश में रोक लगा दी गई है और वाहनों को गेट के बाहर पार्क करने के निर्देश दिए गए है. इसके अलावा अधिवक्ताओं के सर्विस भवन की लाइट काट दी गई, चाय नाश्ते की व्यवस्था बंद कर दी गई, कोर्ट के गेट में ताले जड़ दिए गए. इस तरह की तमाम समस्याओं को लेकर आज अधिवक्ता आक्रोशित नजर आए. इसके अलावा कोर्ट परिसर के अंदर और बाहर ट्रैफिक पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाहियों को लेकर भी अधिवक्ता आक्रोशित नजर आए और उन्होंने जिला न्यायाधीश को इन समस्याओं का जिम्मेदार ठहराया है. दरअसल आज अधिवक्ताओं के वाहनों के प्रवेश पर रोक के बाद जब ट्रैफिक प्रभारी सहित ट्रैफिक पुलिस कोर्ट परिसर ने पार्किंग व्यवस्था बनाने वाहन सहित अन्दर प्रवेश किया तो हंगामा हो गया और अधिवक्ता विरोध में उतर आए. अधिवक्ताओं की आक्रोशित भीड़ ने ट्रैफिक पुलिस सहित वहां को ही खदेड़ लिया जिस दौरान ट्रैफिक पुलिस को वाहन छोड़ भागना पड़ा है. वही हंगामे की खबर लगते ही जब विश्वविद्यालय थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया और पुलिस को भरी विरोध का सामना करना पड़ा. फिलहाल अधिवक्ताओं ने वाहनों के प्रवेश रोक पर आक्रोश जाहिर किया है और जमकर विरोध करते हुए नारेबाजी भी की है.

### रीवा में कार ने बाइक को उड़ाया, युवक की मौत

रीवा, तेज रफ्तार कार की टक्कर से ना सिर्फ बाइक के परखच्चे उड़ गए, बल्कि बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. घटना आज दोपहर रीवा सिरमौर मार्ग स्थित सगरा मोड़ की है, जहां कार और बाइक के बीच हुई आमने सामने की भिड़ंत में बाइक सवार की मौत हो गई है. फिलहाल मृतक के शव को पीएम के अस्पताल लाया गया है वही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम पहाड़िया निवासी अजय साकेत दोपहर अपाची बाईक से शहर की ओर जा रहा था, तभी सगरा मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आई एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी. प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो टक्कर इतनी तेज थी बाइक सहित बाइक सवार हवा में उछल गए और बाइक के परखच्चे उड़ गए वही बाइक सवार अजय साकेत की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई.

# चलती ओव्हरलोड ऑटो से गिरा बच्चा, बाल-बाल बचा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जनवरी, वाहन चालकों की मनमानी स्कूली बच्चों की जान को जोखिम में डाल रही है. क्षमता से अधिक सवार स्कूली बच्चों में एक मासूम बच्चा चलती ऑटो से गिर गया.**

यहां 5 सीटर ऑटो में 5 या 10 नहीं बल्कि निर्धारित संख्या से चार गुना की संख्या में 20 स्कूली बच्चे ढोए जा रहे थे. हालांकि गनीमत रही कि चलती ऑटो से गिरा बच्चा बाल बाल बच गया और एक बड़ा हादसा टल गया है.

दरअसल मामला रीवा के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र पटना मार्ग का है. यहां ऑटो चालक की मनमानी और कार्यवाही से आज एक बड़ा हादसा टल गया है. बताया गया कि ऑटो चालक क्षेत्र में संचालित निजी विद्यालय आदर्श स्कूल के बच्चों को लेकर स्कूल छोड़ने जा रहा था, तभी पटना मार्ग के समीप एक बच्चा चलती ऑटो से गिर गया. हालांकि रफ्तार कम होने की वजह से बच्चा बाल बाल बच गया लेकिन इस घटना ने लापरवाही की पोल खोल दी. हालांकि जितना जिम्मेदार ऑटो चालक है उतने ही जिम्मेदार परिजन, स्कूल प्रबंधन और परिवहन विभाग भी है. फिलहाल यह हाल सिर्फ ग्रामीण क्षेत्र में ही नहीं बल्कि शहरी क्षेत्र में भी है जहां ऑटो में क्षमता से अधिक स्कूली बच्चे ढोए जा रहे हैं. जिससे आये दिन हादसे की शंका बनी रहती है.

# कलेक्टर ने बीएमओ सिरमौर व जवा को दिया नोटिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जनवरी, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने खण्ड चिकित्सा अधिकारी सिरमौर डॉ. आनंद पाण्डेय एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी जवा डॉ. रवीन्द्र सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया है.**

उल्लेखनीय है कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत विकासखण्डवार समीक्षा के दौरान विकासखण्ड जवा एवं सिरमौर में आयुष्मान हितग्राहियों की संख्या काफी है. कलेक्टर ने समय सीमा में अभियान की उपलब्धि अर्जित करने में लापरवाही व उदासीनता बरतने पर बीएमओ जवा एवं सिरमौर को कारण बताओ नोटिस जारी कर 21 जनवरी तक जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं.

## संक्षिप्त

### मुख्य कार्यपालन अधिकारी पर 10 हजार का अर्थदण्ड

**रीवा,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान संजय सिंह पर 10 हजार रूपये की अर्थदण्ड की राशि अधिरोपित की है. लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम के तहत समय सीमा में अधिसूचित सेवाओं के निराकरण न करने पर सीईओ जनपद पर 10 हजार रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है.

### कमिश्नर आज गूगल मीट से करेंगे समीक्षा

**रीवा,** कमिश्नर बीएस जामोद समाधान ऑनलाइन में लंबित आवेदन पत्रों के निराकरण की 20 जनवरी को समीक्षा करेंगे. समीक्षा बैठक गूगल मीट के माध्यम से दोपहर एक बजे आरंभ होगी. बैठक में समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के बिन्दुवार निराकरण तथा जिलेवार समीक्षा की जाएगी. कलेक्टर तथा जिला स्तरीय अधिकारी गूगल मीट के माध्यम से इसमें शामिल होंगे. एजेण्डा बिन्दुओं से संबंधित संभागीय अधिकारी कमिश्नर कार्यालय के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष से बैठक में शामिल होंगे.

### बिना पंजीयन संचालित क्लीनिक के विरूद्ध होगी कार्यवाही

**रीवा,** बिना वैध पंजीयन के संचालित होने वाली क्लीनिक व निजी चिकित्सालय के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने रीवा जिले के सभी क्लीनिक संचालकों, निजी चिकित्सालयों, परामर्श केन्द्र औषधालय, प्रयोगशाला एवं नर्सिंग होम के संचालकों को निर्देश दिये हैं कि आगामी 15 दिवस में वैध पंजीयन कराना सुनिश्चित करें. समय सीमा के अंदर पंजीयन न होने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी.

### संभागीय टीएल बैठक आज

**रीवा,** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद 20 जनवरी को सुबह 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय में टीएल पत्रों की समीक्षा करेंगे. बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, ई आफिस, संभागीय समीक्षा बैठक के निर्देशों में की गई कार्यवाही तथा कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं समीक्षा की जाएगी. बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है.

### दिलाई जाएगी मतदाता शपथ

**रीवा,** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा. इस वर्ष मनाए जाने वाले 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम मेरा भारत मेरा वोट है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा है कि 24 एवं 25 जनवरी को अवकाश रहने पर सुविधानुसार कार्यालयीन दिवस में सुबह 11 बजे मतदाता शपथ दिलाई जाए.

### काव्य आराधना वृद्धाश्रम में 24 को

**रीवा,** विन्ध्य काव्य-साहित्य परिषद 'कलम परिवार' के तत्वाधान में आगामी 24 जनवरी को 01 बजे से बसंत पंचमी के अवसर पर स्थानीय रेडक्रास वृद्धाश्रम सभागार स्वागत भवन में मॉ सरस्वती की काव्य-आराधना से पूजा-अर्चना की जायेगी, जिसमें नगर के वरिष्ठ वाणी पुत्र गुरूजनो का भी सम्मान किया जायेगा. कार्यक्रम संयोजक नारायण डिगवानी एवं अध्यक्ष नागेन्द्र मिश्रा ने पहुंचने की अपील की है.

### शिविर में 57 हितग्राहियों को कृत्रिम हाथ वितरित किये गये

**रीवा,** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं इनाली फाउंडेशन के सहयोग से जिला अस्पताल बिछिया में आयोजित शिविर में कोहनी से नीचे कटे हाथ के हितग्राहीयो को निशुल्क हाथ वितरित कराये जा रहे हैं. दो दिवसीय में 58 हितग्राही पंजीकृत किये गये जिनके हाथ का माप लेकर कृत्रिम हाथ लगाया गया. कृत्रिम हाथ पूरी तरह से अत्याधुनिक एवं इलेक्ट्रिक सेसंर से युक्त है जो हाथ की ऊँगली में मुधनेट और किसी वस्तु को पकड़ सकते हैं. बाइक चलाना, लैपटॉप चलाना, रोटी बेलना, मवेशी की चारा भूषा देना आदि कार्य सरलता से किये जा सकते है. डॉ यात्लेश त्रिपाठी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रीवा ने बताया की यह शिविर आम जन के लिए समर्पित है. जिनके हाथ नहीं है वे अब सामान्य व्यक्तियों की भांति अपना जीवन यापन कर सकेंगे यह सुविधा पूरी तरह से नि:शुल्क है. राज्य स्तर से डॉ सुभाष पाण्डेय स्टेट कंसल्टेंट शिविर में उपस्थित रहे. शिविर में डॉ प्रतिभा मिश्रा सिविल सर्जन, डॉ के के तिवारी वी.पी. सिंह डॉ रविन्द्र मिश्रा, राघवेन्द्र मिश्रा डीपीएम उपस्थित रहे.

# बकाया राशि न जमा करने पर तीन दुकानों में नगर निगम ने की तालाबंदी



गोलपार्क में तालाबंदी की कार्यवाही करता नगर निगम अमला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जनवरी, नगर निगम द्वारा बकायादारों पर सख्त रुख अपनाते हुए निरंतर तालाबंदी कार्रवाई की जा रही है. सोमवार को जोन 02 वार्ड 18 मे गोलपार्क एवं रेवांचल बस स्टैण्ड में नगर निगम की निर्मित दुकानो का किराया बकाया होने पर तालाबंदी की कार्यवाही की गई.**

जिनमें गोलपार्क में बाबूलाल की बकाया राशि 35627 रू. एवं तीरथ प्रसाद सेन बकाया राशि 21474 रू एवं रेवांचल बस स्टैण्ड कुए की पास गुलाम मोहम्मद की बकाया राशि 20889 रू. न जमा किये जाने पर तालाबंदी की कार्यवाही की गई.

इसी प्रकार गोलपार्क में मनोज कुमार गुप्ता राशि 54644 रू., राजेन्द्र पाठक राशि 29434 रू., राजमणि राशि 44769 रू., नाथूलाल सोनी राशि 34869 रू., दीपक द्विवेदी राशि 25588 रू. एवं रेवांचल बस स्टैण्ड में अंजनी कुमार मिश्रा राशि 60195 रू., राकेश कुमार श्रीवास्तव राशि 31236 रू., शारदा प्रसाद जायसवाल राशि 34232 रू., विवेक सिंह राशि 62705 रू., शांति बाई राशि 25962 रू., लाल मोहम्मद राशि 24026 रू. कार्यवाही के दौरान मौके पर नगर निगम कोष में जमा कराया गया. इसके अतिरिक्त नगर निगम की टीम द्वारा दुकानदारो द्वारा सड़क पटरी में अतिक्रमण करने पर सामग्री की जप्ती एवं दुकान के बाहर गंदगी कचरा फैलाये जाने पर 13700 रू. की स्पाट फाइन की गई. नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया कि निर्धारित समय पर करों की राशि जमा न करने वाले करदाताओं के विरूद्ध कार्यवाही जारी रहेगी.

उक्त कार्यवाही में उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एमएस सिद्दीकी, सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, सिटी मिशन मैनेजर अभिमन्यू सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी दीपक सिंह तोमर, अतिक्रमण प्रभारी राजेश चतुर्वेदी, रावेन्द्र शुक्ला, उप राजस्व निरीक्षक सुधान्शू विश्वकर्मा के साथ राजस्व अमला उपस्थित रहा.

# प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करके विभाग की रैंकिंग सुधारें : पाल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जनवरी, कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें.**



कोई भी विभाग रैंकिंग में बी श्रेणी से नीचे न रहे. लंबित प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करके विभाग की रैंकिंग में सुधार करें. समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें. सभी एसडीएम और तहसीलदार आगामी दो दिवस में तहसील स्तर पर शिविर लगाकर सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण कराएं. जिला आपूर्ति अधिकारी तथा अधीक्षण यंत्री ऊर्जा विशेष प्रयास करके विभाग की रैंकिंग सुधारें.

शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, नगरीय विकास विभाग तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारी भी प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें. जिन मतदाताओं को नोटिस जारी किया गया है उनके दस्तावेज लेकर सत्यापन कराएं. यह कार्य हर हाल में 22 जनवरी तक पूरा करें. बैठक में अधिकारीगण मौजूद रहे.

# श्रमोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन आज तक आमंत्रित

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जनवरी, पंजीकृत मजदूरों के बच्चों को शिक्षा की बेहतर सुविधा देने के लिए श्रमोदय आवासीय विद्यालय संचालित हैं.**

श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल, इंदौर, जबलपुर एवं ग्वालियर में शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा 6 से 9 तक में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र 20 जनवरी तक आमंत्रित किए गए हैं. इस संबंध में जिला श्रम पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल ने बताया कि इसके लिए पंजीकृत मजदूरों के बच्चे पात्र होंगे. आवेदन पत्र डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एमपी एसओएस डॉट एनआईसी डॉट इन पर केवल ऑनलाइन दर्ज किए जा सकते हैं. श्रमोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को आयोजित की जाएगी. समय पर आवेदन करे.

### पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि एवं हनुमान चालीसा पाठ

**रीवा, 19 जनवरी,** प्रदेश की राजनीति को दिशा देने वाले, सरलता, सिद्धांतों और जनसेवा के प्रतीक स्वर्गीय श्रीनिवास तिवारी 'दादा जी' की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें शत-शत नमन किया गया. स्व. श्रीनिवास तिवारी का संपूर्ण जीवन लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय एवं जनकल्याण के प्रति पूर्णतः समर्पित रहा. उनकी पुण्यतिथि पर बहनों के साथ दादा जी की प्रतिमा के समक्ष पहुँचकर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया तथा भगवान से यह प्रार्थना की गई कि हम सभी दादा जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर निरंतर चलते रहें. उनके विचार, संघर्ष और आदर्श हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे. इस अवसर पर पूर्व सांसद राजमणि पटेल, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश महासचिव कविता पाण्डेय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बबीता साकेत, महिला अध्यक्ष तारा त्रिपाठी, प्रभा सोहगौरा, नीलम पाठक, रचना सिंह, राजेंद्र तिवारी, कमलेश भाई सहित सैकड़ों लोगों ने एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ कर अपने प्रिय नेता को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया.



# कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर को सौंपा मांगों का ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जनवरी, कांग्रेस के एक प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर रीवा से भेंट कर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में पाई जा रही गंभीर विसंगतियों को लेकर 06 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा.**

उन्होंने कलेक्टर रीवा को अवगत कराया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण एवं दावा-आपत्ति प्रक्रिया में सत्ता पक्ष के लोगों द्वारा बीएलओ को प्रभावित कर भेदभावपूर्ण कार्यवाही कराने का प्रयास किया जा रहा है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है. प्रतिनिधिमंडल ने दावा-आपत्ति प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाए रखने की मांग की. प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन के प्रमुख बिन्दु निर्वाचन आयोग द्वारा मुद्रित आधिकारिक फॉर्म-7 को ही मान्य किये जाने, एक दिन मे एक बूथ पर 15 फार्म जमा कराये जाने, बिना मतदाताओं के जानकारी के अथवा बिना उनके सहमत के विलोपित किये जा रहे नामों को उन्हे नोटिस देकर पुनः मतदाता सूची मे नाम जोडने, विधानसभावार फार्म 06,07,08 की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने सहित अन्य मांगो का ज्ञापन सौपा.

ज्ञापन सौंपने वालों में रीवा महापौर अजय मिश्रा बाबा, पूर्व सांसद राजमणि पटेल, विद्यावती पटेल, डॉ शीला त्यागी, गिरीश सिंह, संगठन मंत्री रवि तिवारी, सज्जन पटेल, रमाशंकर सिंह पटेल, शिवेन्द्र प्रताप सिंह बघेल आदि शामिल रहे.

# श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी कर्तव्य निष्ठ एवं सर्वहारा वर्ग के नेता थे : मिश्रा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जनवरी, जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान मे कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता रहे मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी की 08वीं पुण्यतिथि का आयोजन दो चरणों मे सम्पन्न हुआ.**





सर्वप्रथम पुलिस लाइन चौराहा मे स्थापित स्व. श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी की प्रतिमा पर रीवा महापौर अजय मिश्रा बाबा एवं वरिष्ठ समाज सेवी कांग्रेस पार्टी नेता सरदार प्रहलाद सिंह सहित सभी कांग्रेस जनो ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पंजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया. महापौर अजय मिश्रा बाबा ने स्व. श्री तिवारी को कर्तव्य निष्ठ एवं सर्ववहरा वर्ग का नेता निरूपित किया. श्री बाबा ने अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी कांग्रेस जनों को स्व. श्री तिवारी के आदर्शो पर चलने की अपील की. दूसरे चरण मे स्व श्री तिवारी के अमहिया निवास मे सरदार प्रहलाद सिंह की अध्यक्षता मे एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया. जहां श्रीनिवास तिवारी अमर रहे के नारों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया.

संगोष्ठी की आयोजिका डॉ अरूणा विवेक तिवारी ने कहा कि स्व. बाबा जी का जिले के लोगो से न केवल राजनैतिक संबंध रहा है वरन् सबको वह पारिवारिक सदस्य के रूप मे देखते थे, आज सभी एक परिवार के सदस्य के रूप मे यहां पर उपस्थित होकर स्व बाबा जी के प्रति जो स्नहे प्रदर्शित किया उसके लिए मैं आभारी हूँ तथा आप सबको विश्वास दिलाती हूँ कि आपके मार्गदर्शन मे स्व. बाबा जी के पदचिन्हों पर चलने का पूरा प्रयास करूंगी.

कार्यक्रम का संचालन सत्यनारायण तिवारी ने किया तथा आभार प्रदर्शन वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोविन्ददास तिवारी ने किया. पूर्व सांसद राजमणि पटेल, विमलेन्द्र तिवारी, कविता पाण्डेंय, डॉ शीला त्यागी, डॉ एस पी एस तिवारी, कुवंर सिंह, शिवप्रसाद प्रधान, गिरीश सिंह, संगठन मंत्री रवि तिवारी, सज्जन पटेल आदि मौजूद रहे.